Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 13-03-2007

Participants : Prasad Shri Hari Kewal

>

Title: Need to construct an over-bridge at the Southern ends of the Salempur Railway Station in Uttar Pradesh - laid.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के रेलवे स्टेशन के दक्षिण ढाले पर ऊपरी पुल का निर्माण किये जाने हेतु कराना चाहता हूं। गत दिसम्बर, 2004 में एक सर्वे हुआ था जिसमें वाहनों के आने जाने की संख्या 88 हजार के करीब थी और ओवरब्रिज के निर्माण के लिए एक लाख से अधिक वाहनों का आवागमन होना आवश्यक है। आज तीन वर्ा बीत गये हैं और तीन वर्ों में वाहनों के आवागमन की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है तथा घाघरा नदी पर भागलपुर पुल बनने के बाद इसी रास्ते से सारा यातायात गुजरा रहा है जिसके कारण आज डेढ़ लाख के करीब वाहनों के आवागमन के कारण इस उपरोक्त रास्ते पर घंटों जाम रहता है। प्रतापपुर में चीनी मिल के कार्यरत हो जाने के बाद एक महीने में हजारों ट्रक गनने की ढुलाई इसी मार्ग से हो रही है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के सलेमपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिण ढाल पर एक ऊपरी पुल का निर्माण जनहित में तत्काल किया जाये।